# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 28/10/2024 |
| Exam Time | 9:00 AM - 11:00 AM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** एक व्यापारी एक वस्तु को 25% लाभ पर बेचता है। यदि उसने इसे 15% अधिक पर खरीदा होता और ₹147 अधिक पर बेचा होता, तो उसे 30% का लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹450 B). ₹525 C). ₹650 D). ₹600

**Correct Answer: D**

**Q.2** किसी धनराशि पर 21 वर्षों के लिए साधारण ब्याज, मूलधन का $\frac{7}{13}$ है। वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) कितनी है? (दो दशमलव स्थानों तक सन्निकटित)

**Ans** A). 3.97 B). 2.56 C). 3.21 D). 4.26

**Correct Answer: B**

**Q.3** तीन थैलों में कंचों की संख्या का अनुपात 2 : 3 : 4 है। यदि प्रत्येक थैले में 12 कंचे और डाले जाते हैं, तो अनुपात बदलकर 8 : 11 : 14 हो जाता है। शुरुआत में कंचों की कुल संख्या कितनी थी?

**Ans** A). 200 B). 216 C). 126 D). 162

**Correct Answer: D**

**Q.4** एक समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात करें, जिसके विकर्णों की लंबाई क्रमशः 4 cm और 5 cm है।

**Ans** A). 40 $cm^2$ B). 4.5 $cm^2$ C). 10 $cm^2$ D). 20 $cm^2$

**Correct Answer: C**

**Q.5** 10 और 30 के बीच की सभी विषम संख्याओं का औसत ज्ञात करें।

**Ans** A). 10 B). 40 C). 30 D). 20

**Correct Answer: D**

**Q.6** तनीश A से B तक 20 km/h की चाल से, B से C तक 15 km/h की चाल से और C से D तक 30 km/h की चाल से यात्रा करता है। यदि AB = BC = CD है, तो पूरी यात्रा के लिए तनीश की औसत चाल ज्ञात करें।

**Ans** A). 22 km/h B). 19 km/h C). 21 km/h D). 20 km/h

**Correct Answer: D**

**Q.7** 4 वर्षों के लिए 6% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 640 B). 540 C). 560 D). 600

**Correct Answer: D**

**Q.8** एक शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए जिसके आधार का व्यास 30 cm और ऊँचाई 20 cm है। ($\pi$ = 3.14)

**Ans** A). 1200.5 B). 1177.5 C). 942.1 D). 1000.3

**Correct Answer: B**

**Q.9** एक ठोस गोले का व्यास 3 cm है। इसे पिघलाकर 8 mm व्यास का एक तार बनाया जाता है। तार की लम्बाई कितनी होगी?

**Ans** A). $25\frac{1}{4}$ cm B). $26\frac{3}{8}$ cm C). $32\frac{1}{4}$ cm D). $28\frac{1}{8}$ cm

**Correct Answer: D**

**Q.10** पांच संख्याओं का औसत 38 है। यदि एक संख्या को हटा दिया जाए, तो उनका औसत 36 हो जाता है। हटाई गई संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 41 B). 46 C). 49 D). 38

**Correct Answer: B**

**Q.11** सात अवयस्कों और कुछ वयस्कों वाले एक परिवार में गेहूँ की औसत खपत 11.10 kg है। अवयस्कों के लिए औसत खपत 5.5 kg प्रति व्यक्ति है, और वयस्कों के लिए, यह 16 kg प्रति व्यक्ति है। उस परिवार में वयस्कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 8 B). 10 C). 6 D). 5


**Correct Answer: A**

**Q.12** 1.75, 5.6 और 7 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात करें।

**Ans** A). 0.07 B). 0.35 C). 0.7 D). 3.5

**Correct Answer: B**

**Q.13** दिया गया बार ग्राफ पिछले पांच वर्षों के दौरान एक सोसायटी में रहने वाले निवासियों की संख्या को दर्शाता है। ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।




2021 में निवासियों की संख्या में उसके पिछले वर्ष की तुलना में कितने प्रतिशत की कमी हुई है? (दो दशमलव स्थान तक सही)

**Ans** A). 44.58% B). 46.58% C). 53.42% D). 50.24%

**Correct Answer: B**

**Q.14** 40 एथलीटों और 5 प्रशिक्षकों का औसत भार 72 kg है। जब 65 kg औसत भार वाले छह और एथलीटों को समूह में शामिल किया जाता है, तो समूह का औसत भार (kg में) क्या होगा? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)

**Ans** A). 72.25 B). 65.21 C). 71.18 D). 69.37

**Correct Answer: C**

**Q.15**

नीचे दी गई तालिका में वर्ष 2010 और 2011 के दौरान एक कपड़ा कंपनी की चार शाखाओं से रेडीमेड कपड़ों की बिक्री (मिलियन में) को दर्शाया गया है।

| शाखा /वर्ष | 2010 | 2011 |
|---|---|---|
| A1 | 97 | 123 |
| A2 | 105 | 77 |
| A3 | 122 | 148 |
| A4 | 114 | 132 |

कपड़ा कंपनी की किस शाखा की बिक्री (2010 और 2011 में संयुक्त रूप से) सबसे कम थी?

**Ans** A). A1 B . A2 C . A3 D . A4

**Correct Answer: B**

**Q.16** एक दुकानदार एक वस्तु के मूल्य में पहले 8% और फिर 5% की वृद्धि करता है। कुल प्रतिशत वृद्धि कितनी है?

Ans A). 12.4 % B). 13.4 % C). 10.4 % D). 11.4 %

Correct Answer: B

**Q.17** एक टीवी सेट को ₹26,000 में बेचकर, एक विक्रेता 30% लाभ अर्जित करता है। यदि उत्पादन लागत 10% बढ़ जाती है, तो 15% का लाभ प्राप्त करने के लिए टीवी सेट का नया विक्रय मूल्य कितना होना चाहिए?

Ans A). ₹28,300 B). ₹25,300 C). ₹30,300 D). ₹26,300

Correct Answer: B

**Q.18** 6 वर्षों के लिए 6% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 720 B). 760 C). 680 D). 660

Correct Answer: A

**Q.19** एक आदमी अपनी बाइक से 64 सेकंड में 960 मीटर की दूरी तय करता है। km/hr में उसकी चाल कितनी है?

Ans A). 64 B). 15 C). 54 D). 50

Correct Answer: C

**Q.20** एक दुकानदार अपनी वस्तु पर क्रय मूल्य से 12% अधिक मूल्य अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 8.5% की छूट देता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2.48% हानि B). 4.65% हानि C). 2.48% लाभ D). 4.65% लाभ

Correct Answer: C

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

WSF, BUK, GWP, LYU, ?

Ans A). RBZ B). RZY C). PAY D). QAZ


Correct Answer: D

**Q.2** एक निश्चित कूट भाषा में, 'i know you' को 'mo rc tp' के रूप में लिखा जाता है और 'do they know' को 'hk mo be' के रूप में लिखा जाता है। इसी कूट भाषा में 'know' को कैसे लिखा जाएगा?


Ans A). rc B). mo C). be D). tp


Correct Answer: B


**Q.3** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।





Ans

A). 


B). 


C). 


D). 


Correct Answer: B

**Q.4** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(11, 19, 8)
(14, 29, 15)

Ans A). (18, 21, 7) B). (22, 25, 9) C). (16, 28, 12) D). (7, 35, 23)

Correct Answer: C


**Q.5** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

226 231 236 241 246 ?


Ans A). 253 B). 251 C). 252 D). 254


Correct Answer: B


**Q.6** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




**Ans**

A). 


B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

**Q.7** यदि दर्पण को नीचे दर्शाए गए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: C**

**Q.8** निम्नलिखित में से किन चिह्नों को आपस में बदलने पर दिया गया समीकरण सही हो जाएगा?

**57 − 19 × 18 + 9 ÷ 45 = 18**

**Ans** A). ÷ और − B). + और × C). ÷ और × D). + और ÷

**Correct Answer: A**

**Q.9** यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

**30 − 10 ÷ 63 × 9 + 15 =?**

**Ans** A). 85 B). 90 C). 80 D). 87

**Correct Answer: A**

**Q.10** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी कप, प्लेटें हैं।
कुछ प्लेटें, गिलास हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ कप, गिलास नहीं हैं।
(II) कुछ गिलास, प्लेटें नहीं हैं।

**Ans** A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Correct Answer: A**

**Q.11** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर पीठ करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। A के दाईं ओर से गिनने पर A और D के बीच में केवल 3 व्यक्ति बैठे हैं। B, D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F, C के ठीक दाईं ओर बैठा है। E, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के सापेक्ष में F का स्थान क्या है?

**Ans** A). बाईं ओर से तीसरा  B). दाईं ओर से तीसरा  C). बाईं ओर से दूसरा  D). दाईं ओर से दूसरा  **Correct Answer: B**

---

**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में, 'GOLF' को '6428' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'OPEN' को '7653' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'O' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 6  B). 5  C). 7  D). 4  **Correct Answer: A**

---


**Q.13** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 11, 45 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 3, 13 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 6 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)


**Ans** A). 23  B). 26  C). 28  D). 25  **Correct Answer: D**


---


**Q.14** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: B**

---

**Q.15** LRPN अँग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से SYWU से संबंधित है। IOMK उसी तरीके से PVTR से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए GMKI निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). NTPR  B). TNRP  C). TNPR  D). NTRP  **Correct Answer: D**

---

**Q.16** एक निश्चित कूट भाषा में, 'ONLY' को '2648' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'NICE' को '7534' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'N' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 2  B). 4  C). 7  D). 6  **Correct Answer: B**

---

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, ‘paint the wall’ को ‘jh dw qp’ लिखा जाता है और ‘wall of honour’ को ‘fh ut dw’ लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'wall' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). ut  B). qp  C). jh  D). dw  **Correct Answer: D**

---

**Q.18** सात लोग R, S, T, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। S के दाएँ से गिनती करने पर S और G के बीच में केवल दो लोग बैठे हैं। E के बाएँ से गिनती करने पर E और T के बीच में केवल दो लोग बैठे हैं। R, G के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। T, R का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के ठीक बाएँ और ठीक दाएँ क्रमशः कौन-कौन बैठा है?

**Ans** A). G और S  B). T और S  C). T और G  D). G और T  **Correct Answer: C**

**Q.19** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो और निश्चय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन/कथनों का अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ गिलास, कप हैं।
सभी कप, प्लेट हैं।

निष्कर्ष:
(I) कम से कम कुछ प्लेट, गिलास हैं।
(II) सभी कप, गिलास हैं।

Ans A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। D). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Correct Answer: B**

**Q.20** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर TCKS किसी निश्चित प्रकार से WFNV से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, YHPX, BKSA से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, HPXG निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). KSAJ B). KSJL C). SKKA D). KSJA

**Correct Answer: A**

## Section : General Awareness

**Q.1** 'डॉल्फिन किक (Dolphin Kick)' शब्द का प्रयोग आमतौर पर किस खेल में किया जाता है?

Ans A). ऊँची कूद (High Jump) B). तैराकी (Swimming) C). भाला फेंक (Javelin Throw) D). लंबी कूद (Long Jump)

**Correct Answer: B**

**Q.2** तेरहवीं शताब्दी में निर्मित लाल और भूरे बलुआ पत्थर (buff sandstone) से बनी भारत की सबसे ऊंची मीनार कौन-सी है?

Ans A). शहीद मीनार B). कुतुब मीनार C). चांद मीनार D). झुलता मीनार

**Correct Answer: B**

**Q.3** कर्नाटक की उम्मथत (Ummathat) लोक नृत्यांगना ________ को 2023 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

Ans A). शरण रानी बैकलीवाल (Sharan Rani Backliwal) B). देविका रानी (Devika Rani) C). रानी मचैया (Rani Machaiah) D). रानी कर्ण नायक (Rani Karnaa Nayak)

**Correct Answer: C**

**Q.4** निम्नलिखित में से किस राज्य में सफल फसल कटाई के अवसर पर जवारा नृत्य (Jawara dance) किया जाता है?

Ans A). गुजरात B). पंजाब C). हरियाणा D). मध्य प्रदेश

**Correct Answer: D**

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन कट्टरपंथी राष्ट्रवादियों के एक समूह गरम दल का नेता था?

Ans A). सुरेंद्रनाथ बनर्जी B). बिपिन चंद्र पाल C). दादाभाई नौरोजी D). गोपाल कृष्ण गोखले

**Correct Answer: B**

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन, राज्य में मंत्रिपरिषद (Council of Ministers) की बैठक की अध्यक्षता करता है?

Ans A). विधान परिषद का सभापति B). राज्य का मुख्यमंत्री C). राज्य का मुख्य सचिव D). विधानसभा अध्यक्ष

**Correct Answer: B**

**Q.7** दिसंबर 2023 में, केरल के किस प्रख्यात कृषि अर्थशास्त्री को इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स (Indian Society of Agricultural Economics - ISAE) द्वारा ISAE फेलो 2023 की विशिष्ट उपाधि से सम्मानित किया गया?

Ans A). चंदा निंबकर B). डॉ. पी. इंदिरा देवी C). सुलोचना गाडगिल D). सुमन सहाय

**Correct Answer: B**

**Q.8** हिमाचल प्रदेश के लोग मुख्य रूप से सिंचाई के कार्य के लिए ग्लेशियर या वर्षा जल से गांवों तक जल लाने के लिए जल मार्ग (channels) बनाते हैं। इन जल मार्गों को स्थानीय तौर पर _______ के नाम से जाना जाता है।

Ans A). गुल या कुल (Guls or Kuls) B). बाउड़ी (Baori) C). खड़ीन (Khadins) D). जोहड़ (Johads)

**Correct Answer: A**

**Q.9** राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 (एक प्रगति समीक्षा) के अनुसार, 2019-2021 में ग्रामीण भारत में बहुआयामी गरीबी में जनसंख्या का अनुपात (कुल गणना अनुपात) क्या था?

Ans A). 24.12% B). 14.96% C). 19.28% D). 12.32%

**Correct Answer: C**

**Q.10** पुष्प का कौन-सा भाग बीज के रूप में विकसित होता है?

Ans A). स्त्रीकेसर (Pistil) B). पुंकेसर (Stamen) C). पंखुड़ी (Petal) D). बीजांड (Ovule)

**Correct Answer: D**

**Q.11** गुजरात में माधवपुर मेला भगवान कृष्ण और रुक्मणी के विवाह का जश्न मनाने के लिए _______ दिन तक चलने वाला कार्यक्रम है।

Ans A). तीन B). चार C). दो D). पाँच

Correct Answer: D

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन सा उपन्यास दक्षिण भारत के एक काल्पनिक शहर मालगुड़ी (Malgudi) पर आधारित है?

Ans A). ए सूटेबल बॉय (A Suitable Boy) B). द गाइड (The Guide) C). माइ डेज़ (My Days) D). सेक्रेड गेम्स (Sacred Games)

Correct Answer: B

**Q.13** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में निम्नलिखित का उल्लेख है?
'राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत देश के शासन में मौलिक हैं और कानून बनाने में इन सिद्धांतों को लागू करना राज्य का कर्तव्य होगा।'

Ans A). अनुच्छेद 30 B). अनुच्छेद 40 C). अनुच्छेद 37 D). अनुच्छेद 35

Correct Answer: C

**Q.14** निम्नलिखित में से किस राज्य में 'रण (Rann)' के नाम से विख्यात लवणीय दलदली भूमि (salt marshes) पाई जाती है?

Ans A). पंजाब B). महाराष्ट्र C). गुजरात D). झारखंड

Correct Answer: C

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-सा मध्यकाय (mesosomes) का एक कार्य नहीं है?

Ans A). डीएनए (DNA) प्रतिकृति और संतति कोशिकाओं में वितरण B). गमन C). प्लाज्मा झिल्ली और एंजाइमी सामग्री के पृष्ठीय क्षेत्रफल को बढ़ाना D). श्वसन

Correct Answer: B

**Q.16** भारत में प्रायोगिक आधार पर सूक्ष्मवित्त आंदोलन (microfinance movement) औपचारिक रूप से किस वर्ष शुरू किया गया था?

Ans A). 1980 B). 1992 C). 2010 D). 2000

Correct Answer: B

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा जल निकायों में ऊष्मीय प्रदूषण (thermal pollution) का एक चिंताजनक प्रभाव है?

Ans A). pH मानों में यादृच्छिक परिवर्तन B). मैलापन में परिवर्तन C). घुलित ऑक्सीजन की मात्रा में तेजी से कमी हो जाना D). कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा का बढ़ते जाना

Correct Answer: C

**Q.18** फरवरी 2023 में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में किसने शपथ ली?

Ans A). अनुसुइया उइके B). सत्यदेव नारायण आर्य C). रमेश बैस D). विश्वभूषण हरिचंदन

Correct Answer: D

**Q.19** निम्नलिखित में से कौन सा ख़याल कलाकार पुणे विश्वविद्यालय के ललित कला केंद्र (Lalit Kala Kendra of the University of Pune) का संस्थापक है?

Ans A). किशन महाराज B). भीमसेन जोशी C). शिव कुमार शर्मा D). रविशंकर

Correct Answer: B

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन भारत में भूदान यज्ञ (भूदान आंदोलन) के संस्थापक थे?

Ans A). विनोबा भावे B). सुभाष चंद्र बोस C). वल्लभभाई पटेल D). महात्मा गाँधी

Correct Answer: A

**Q.21** निम्नलिखित में से किसने मौर्य कालीन भारत में अपनी यात्राओं और अनुभवों के आधार पर 'इंडिका' नामक पुस्तक लिखी?

Ans A). प्लिनी B). मेगस्थनीज C). स्ट्रैबो D). डियोडोरस

Correct Answer: B

**Q.22** भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, किस महानगर की जनसंख्या सबसे अधिक है?

Ans A). चेन्नई B). मुंबई C). दिल्ली D). कोलकाता

Correct Answer: B

**Q.23** निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत ने हॉकी में कोई भी ओलंपिक स्वर्ण पदक नहीं जीता?

Ans A). 1960 B). 1952 C). 1948 D). 1956

Correct Answer: A

**Q.24** निम्नलिखित में से किसने अपनी मां के नाम पर विजयनगर के पास नागलापुरम (Nagalapuram) नामक एक उपनगरीय नगर-क्षेत्र की स्थापना की?

Ans A). कृष्णदेव राय B). राम राय C). अच्युत देव राय D). सदाशिव राय

Correct Answer: A

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा जलविद्युत शक्ति संयंत्र (hydroelectric power plant) नहीं है?

Ans A). भाखड़ा नांगल हाइडल परियोजना (Bhakra Nangal Hydel Project) B). सांभर झील हाइडल परियोजना (Sambhar Lake Hydel Project) C). दामोदर घाटी हाइडल परियोजना (Damodar Valley Hydel Project) D). कोपिली हाइडल परियोजना (Kopili Hydel Project)

Correct Answer: B

Section : **English Language and Comprehension**

**Q.1** **Select the most appropriate synonym of the word 'Ceased' to fill in the blank.**

**He was _______ from his job because of his misconduct.**

**Ans** A). commenced B). terminated C). progressed D). continued **Correct Answer: B**

**Q.2** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

**A few students have <u>condemned</u> the latest project of preparing teaching aids as a waste of money.**

**Ans** A). Consolidated B). Contradicted C). Applauded D). Doomed **Correct Answer: C**

**Q.3** **Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence. If no substitution is required, select 'No substitution required'.**

**Manisha had a great feeling for those who were <u>junior than</u> her.**

**Ans** A). No substitution required B). junior of C). junior to D). junior from **Correct Answer: C**

**Q.4** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**
**He missed the college bus / because he woke up / unpardonably lately in the morning.**

**Ans** A). he missed the college bus B). because he woke up C). unpardonably lately in the morning D). no error **Correct Answer: C**

**Q.5** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Wolves' teeth are larger and <u>strong</u> than dog's teeth.**

**Ans** A). more strong B). stronger C). the stronger D). strongest **Correct Answer: B**

**Q.6** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Crocodile tears**

**Ans** A). To not behave in a fair way B). An insincere display of grief C). To please everyone D). An irrevocable step **Correct Answer: B**

**Q.7** **In the following sentence the underlined part contains as error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**Ahuja is a <u>cleverest</u> lawyer.**

**Ans** A). more clever B). most clever C). cleverer D). clever **Correct Answer: D**

**Q.8** **One of the four words in bold in the given sentence is incorrectly spelt. Select the INCORRECTLY spelt word.**

**The detectives uncovered a conspirasy to overthrow the government.**

**Ans** A). overthrow B). detectives C). conspirasy D). uncovered **Correct Answer: C**

**Q.9** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The discussion led by the scientist was very ___________.**

**Ans** A). informative B). information C). most informative D). more informative **Correct Answer: A**

**Q.10** **Select the correct spelling of the underlined word in the given sentence.**

**The magician performed a <u>magnificant</u> trick.**

**Ans** A). magnificante B). magneficent C). magnificent D). magnificient **Correct Answer: C**

**Q.11** **In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in the blanks.**
**Michael Jackson is known as the King of Pop. He ________ his own genre of music, Pop. His music is spreading its influence and popularity ________ the world.**

**Ans** A). controls; beside B). presides; round C). command; besides D). dominates; around **Correct Answer: D**

**Q.12** **Select the option that correctly rectifies the underlined spelling error in the given sentence.**

**The reorganisation of daily life wrought by industrialisation had effects that weakened the material basis for the instietutions of the family and the community.**

**Ans** A). instetusion B). institutions C). instetuitions D). instetutions

**Correct Answer: B**

**Q.13** **Select the most appropriate adjective to fill in the blank.**

**She always wears dresses of _________ fashion.**

**Ans** A). late B). latest C). the latest D). the latter

**Correct Answer: C**

**Q.14** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Curse**

**Ans** A). Praise B). Criticise C). Abuse D). Comment

**Correct Answer: A**

**Q.15** **Select the most appropriate synonym of the given word.**

**Anticipate**

**Ans** A). Accuse B). Conceal C). Predict D). doubt

**Correct Answer: C**

**Q.16** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**A blue-eyed boy**

**Ans** A). an unperceived observer B). an unwelcome intruder C). a miser D). one who is favourite

**Correct Answer: D**

**Q.17** **Select the most appropriate option to complete the given sentence in the present perfect continuous tense.**

**The company __________________ working towards achievements in curbing slackness and fostering development.**

**Ans** A). have been B). are being C). has been D). is being

**Correct Answer: C**

**Q.18** **Select the most appropriate option that can substitute the highlighted word(s) in the given sentence.**

**The sceneries in Darjeeling are breathtaking.**

**Ans** A). scenery in Darjeeling is B). sceneries in Darjeeling is C). scenery in Darjeeling were D). sceneries in Darjeeling had been

**Correct Answer: A**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**The sharpshooter _________ dead a man-eating tiger after it allegedly killed nine people in the last few days.**

**Ans** A). killed B). threw C). shot D). fixed

**Correct Answer: C**

**Q.20** **Select the most appropriate synonym of the word 'Native' from the given sentence.**

**Mr. Smith believes that various tribes are the indigenous habitants of various corners of the world; unlike his contemporaries who have a viewpoint regarding an alien or foreign invasion.**

**Ans** A). Invasion B). Alien C). Indigenous D). Foreign

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Worldwide illiteracy rates have (1)_________ declined in the last few decades. One of the major reasons for this decline is the sharp increase in literacy rates (2)_________ young women, which is a result of specific (3)_________ designed to increase educational opportunities for girls. (4)_________, there are still an estimated 771 million illiterate adults in the world, about two-thirds of whom are (5)_________.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans** A). wearily B). thirdly C). consistently D). consequently

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Worldwide illiteracy rates have (1)_________ declined in the last few decades. One of the major reasons for this decline is the sharp increase in literacy rates (2)_________ young women, which is a result of specific (3)_________ designed to increase educational opportunities for girls. (4)_________, there are still an estimated 771 million illiterate adults in the world, about two-thirds of whom are (5)_________.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22 Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans** A). over B). between C). among D). against

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Worldwide illiteracy rates have (1)_________ declined in the last few decades. One of the major reasons for this decline is the sharp increase in literacy rates (2)_________ young women, which is a result of specific (3)_________ designed to increase educational opportunities for girls. (4)_________, there are still an estimated 771 million illiterate adults in the world, about two-thirds of whom are (5)_________.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans** A). champions B). camisole C). campaigns D). companions

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Worldwide illiteracy rates have (1)_________ declined in the last few decades. One of the major reasons for this decline is the sharp increase in literacy rates (2)_________ young women, which is a result of specific (3)_________ designed to increase educational opportunities for girls. (4)_________, there are still an estimated 771 million illiterate adults in the world, about two-thirds of whom are (5)_________.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans** A). However B). Otherwise C). Thus D). Whenever

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Worldwide illiteracy rates have (1)_________ declined in the last few decades. One of the major reasons for this decline is the sharp increase in literacy rates (2)_________ young women, which is a result of specific (3)_________ designed to increase educational opportunities for girls. (4)_________, there are still an estimated 771 million illiterate adults in the world, about two-thirds of whom are (5)_________.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans** A). women B). man C). child D). woman

**Correct Answer: A**